# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 मार्च, 2023

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अंक : 477


## वेकोलि ने किया अब तक का सर्वाधिक कोयला उत्पादन एवं ओबीआर, डिस्पैच में किया निर्धारित लक्ष्य को पार

### सीएमडी श्री मनोज कुमार ने टीम वेकोलि को कार्यक्रम 'रू-ब-रू' के माध्यम से किया संबोधित – उपलब्धियों के लिए दी बधाई, लॉन्च किया WCL Mission 3.0

वेकोलि ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में कोयला उत्पादन एवं ओबीआर में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। इस वित्तीय वर्ष के दौरान वेकोलि ने 64.28 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.4% अधिक है।

ओवर बर्डन निष्कासन (OBR) में भी वेकोलि ने गत वर्ष की तुलना में 19.7% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इस वित्तीय वर्ष में वेकोलि ने 327.13 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवर बर्डन निष्कासन (OBR) किया। यह वेकोलि की स्थापना से अब तक, किसी भी एक वित्तीय वर्ष में, किया हुआ सर्वाधिक ओवर बर्डन निष्कासन है।

इसी प्रकार वेकोलि ने इस वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को पार करते हुए, 62.16 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया है।

दिनांक 01.04.23 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने कार्यक्रम 'रू-ब-रू' के माध्यम से टीम वेकोलि के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वेकोलि ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में, कम्पनी के स्थापना-काल से अब तक का सर्वाधिक कोयला-उत्पादन एवं ओवर बर्डन निष्कासन किया है। इसी प्रकार वेकोलि ने डिस्पैच में अपने लक्ष्य को पार किया है। उन्होंने इन उपलब्धियों के लिए टीम वेकोलि को बधाई दी।



उन्होंने आगे कहा की वेकोलि में यह ऐतिहासिक वृद्धि अनेक सकारात्मक पहल का प्रतिफल है। उन्होंने भूमिगत खनन को वेकोलि के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कन्हान क्षेत्र की शारदा माइन की प्रारंभिक प्रक्रिया पूर्ण हो गई है तथा यहाँ जल्द ही कोयला उत्पादन शुरू होगा। उन्होंने बल्लारपुर क्षेत्र की धूपतला ओपन कास्ट खदान का जिक्र करते हुए बताया कि इस वर्ष 2022-23 में ही इस माइन में कोयला उत्पादन शुरू हुआ।

उन्होंने खनन कार्य में सुरक्षा के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि कोयला खनन प्रक्रिया को अधिक कारगर एवं सुरक्षित बनाने हेतु वेकोलि द्वारा कंटीन्यूअस माइनर एवं सरफेस माइनर जैसी नई तकनीक को वृहद् तौर पर अपनाया जा रहा है। वेकोलि में कुल 20 कंटीन्यूअस माइनर लगाने की योजना है। उन्होंने कहा कि वणी क्षेत्र की मुंगोली खदान में, इस वर्ष 2022-23 में, सरफेस माइनर का प्रयोग शुरू किया गया है। इसी श्रृंखला में अगला सरफेस माइनर पौनी-II खदान में जल्द ही शुरू होगा एवं निकट भविष्य में तीन और परियोजनाओं में सरफेस माइनर लगाए जाएंगे।

'रू-ब-रू' के दौरान उन्होंने वेकोलि के लिए Mission 3.0 लॉन्च किया. इस मिशन का लक्ष्य 70 मिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को हासिल करना है।

इस वर्ष कम्पनी के उत्पादन में वणी क्षेत्र का सबसे ज्यादा 16.31 मिलियन टन कोयले का योगदान रहा। इसी प्रकार उमरेड क्षेत्र का 12.91 मिलियन टन और नागपुर क्षेत्र का 8.37 मिलियन टन कोयला-उत्पादन का उल्लेखनीय योगदान रहा।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के ऐतिहासिक वृद्धि से उत्साहित टीम वेकोलि ने नए वित्तीय वर्ष का लक्ष्य भी निर्धारित कर लिए है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कोयला उत्पादन का लक्ष्य 67 मिलियन टन तय किया गया है। नए लक्ष्य को हासिल करने का विश्वास टीम वेकोलि में स्पष्ट दिखाई पड़ता है।







## वेकोलि में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न






वेकोलि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 219 वीं बैठक 30 मार्च, 2023 को श्री मनोज कुमार, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पिछले तिमाही में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की स्थिति की समीक्षा की गई।

श्री मनोज कुमार, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने राजभाषा कार्य की समीक्षा के दौरान हिंदी में पत्राचार बढ़ाने के संबंध में निर्देश देते हुए सभी को अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करने का आह्वान किया।

समीक्षा बैठक में निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार ने राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने हेतु निर्देश दिये।

बैठक में श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (संचालन) एवं श्री ए. के. सिंह, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री श्रीराम वेमूलकोंडा, महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) एवं राजभाषा प्रमुख ने पुस्तक भेंट कर सभी का स्वागत किया।

इस अवसर पर वेकोलि, मुख्यालय के समस्त महाप्रबंधक तथा विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनोज कुमार, उप प्रबंधक (राजभाषा/जनसम्पर्क) ने किया।






## वरिष्ठ प्रबंधन ने E-7 अधिकारियों का 'पदोन्नति हेतु सफल साक्षात्कार' के विषय पर किया मार्गदर्शन

### खनन क्षेत्र के सम्पूर्ण ज्ञान एवं उसके समुचित सम्प्रेषण पर दिया जोर






दिनांक 28.03.2023 को वेकोलि मुख्यालय में माइनिंग कैडर के E-7 से E-8 ग्रेड में पदोन्नति हेतु साक्षात्कार देने वाले अधिकारियों के लिए इंटरएक्टिव सेशन का आयोजन किया गया। इस सत्र में कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा सभी निदेशकगण डॉ. संजय कुमार, श्री जे पी द्विवेदी एवं श्री ए के सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अधिकारियों के साथ अपने अनुभवों को साझा किए तथा साक्षात्कार हेतु तैयारी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इंटरएक्टिव सेशन के दौरान उपस्थित अधिकारियों के शंकाओं का समुचित निराकरण किया तथा साक्षात्कार हेतु अपनी अग्रिम शुभकामनाएँ दी।

सत्र के प्रारंभ में श्री पी नरेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (कार्मिक/मासंवि) ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी क्षत्रों एवं CMPDI के क्षेत्रीय कार्यालय के E-7 अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

दूसरे सत्र में GeM पोर्टल तथा कॉन्ट्रैक्ट संबंधी विषयों पर महाप्रबंधक (सी.एम.सी) श्री ए. पी. सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की।






## अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने किया नागपुर क्षेत्र का दौरा






दिनांक 22.03.2023 को वेकोलि के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार नागपुर क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने सावनेर - 1 भूमिगत खदान का निरीक्षण किया तथा वहाँ के कर्मियों को बेहतर करने हेतु प्रेरित किया। अपने संवाद में श्री कुमार ने सभी को सुरक्षा के मापदंडों को पूर्णतः अपनाते हुए कार्य करने की सलाह दी।

इस दौरान उनके तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव तथा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## सुरक्षा विभाग के प्रशिक्षुओं का राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में प्रशिक्षण



दिनांक 23 मार्च 2023 को सुरक्षा विभाग, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के प्रशिक्षुओं ने राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (National Forensic Science Laboratory) में एक दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया।

वेकोलि का सुरक्षा विभाग नित्य दिन कोयला खदानों में सुरक्षा के कड़े मापदंडों को अपनाते हुए खदान परिसर में तथा तकनीकी के प्रयोग से एक सुरक्षित वातावरण उत्पन्न करने हेतु अग्रसर रहते हैं। ऐसे प्रशिक्षण न केवल इन सुरक्षाकर्मियों को बेहतरीन बनाते हैं बल्कि आपदा की स्थिति में सही तकनीक का प्रयोग तथा पुलिस की सहायता करने हेतु भी सक्षम बनाते हैं।

इस पाठ्यक्रम में सुरक्षाकर्मियों को जांच के तरीके, विधि व्यवस्था, कानून की विभिन्न धाराएं, भारतीय दण्ड संहिता,नियंत्रण एवं बंदोबस्त, प्राथमिकी दर्ज करना, हथियार चलाना एवं प्रयोग, परेड एवं ड्रिल आदि से अवगत कराया गया।




वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।